-:प्रेस नोट:-

दिनांक-13.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना जसपुरा पुलिस द्वारा पिता की डांट से नाराज होकर घर से गए 14 वर्षीय किशोर का पता लगाकर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में थाना जसपुरा पुलिस द्वारा पिता की डांट से नाराज होकर गए 14 वर्षीय किशोर का पता लगाकर सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है। गौरतलब हो कि कल दिनांक 12.06.2026 को थाना जसपुरा क्षेत्र के ग्राम सिकहुला के रहने वाले बलवीर सिंह द्वारा शाम में थाना जसपुरा पर सूचना दी गई कि वह अपने 14 वर्षीय पुत्र को डांट दिया था जिससे नाराज होकर वह घर से बिना बताए कहीं चला गया है काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चल पाया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना जसपुरा श्री ऋषिदेव सिंह द्वारा तत्काल टीमों का गठन करते हुए गांव जाकर आस-पास के लोगों से पूछताछ करते हुए देर रात्रि ग्राम सिकहुला के जंगल से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। पूछताछ में किशोर द्वारा बताया गया कि पिता जी की डांट की वजह से गुस्से व डर के कारण जंगल में चला आया था। पुलिस टीम द्वारा किशोर को समझाया गया कि माता-पिता की बातों से नाराज होकर घर छोड़ना उसके लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है तथा भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर अपने माता-पिता एवं परिवारजनों से बातचीत करे तथा परिजनों को भी बच्चों के साथ संयमित व्यवहार करने तथा उनकी भावनाओं को समझते हुए उचित मार्गदर्शन देने की सलाह दी गई। किशोर एवं परिजनों द्वारा भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न होने का आश्वासन दिया गया तथा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।

पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री ऋषिदेव सिंह प्र0नि0 थाना जसपुरा
2. व0उ0नि0 श्री प्रेम पाल सिंह
3. उ0नि0 श्री अवधेश कुमार
4. कां0 दीपक